हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 2 जनवरी 2026

04 'चंपावती पथ' का आकर्षक लोकार्पण दोनों ओर...



07 हजारों सैलानियों ने चंदेरी की खूबसूरती को निहारा ऐतिहासिक...





## समाचार संक्षेप

### रोटरी मेडिकल मिशन के तहत फतेहगढ़ में लगा स्वास्थ्य शिविर



**गुना।** 1 जनवरी नववर्ष के प्रथम दिवस नर सेवा ही नारायण सेवा भाव से सेवा कार्य करते हुए मध्यप्रदेश शासन एवं माधव राव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन एवं रोटरी क्लब रॉयल गुना एवं रोटरी क्लब गुना के सयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र फतेहगढ़ में स्वास्थ परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता विकास जैन नखराली एवं रोटरी रॉयल के अध्यक्ष सौरभ जैन, सचिव जितेंद्र वर्मा, शिविर संयोजक अजय राठौर एवं विशाल श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। शिविर जिला चिकित्सालय गुना के डॉक्टर डॉ अभिषेक गोयल, डॉ विशाल राठौर, डॉ राहुल रघुवंशी, डॉ रश्मि दीक्षित, डॉ अंकिता राजपूत एव फतहगढ़ केंद्र से डॉ हेमंत धाकड़ सहित उपस्थित डाक्टरों की टीम द्वारा रोगियों का स्वास्थ परीक्षण कर उचित परामर्श दिया एवं गंभीर मरीजों चिन्हित कर ऑपरेशन सिलेक्शन के लिए जिला अस्पताल गुना रेफर किया।

### सेवा कार्यों से मनाया सिंधिया का जन्मदिनः नपाध्यक्ष



**गुना ।** नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता के साथ भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार,वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद गुप्ता महिला मोर्चा अध्यक्ष राजेश राजपूत,मण्डल अध्यक्ष अर्जुन रापूत,परेश भार्गव पार्षद कैलाश धाकड,राजू ओझा,ममता तौमर,विनोद लोधा, आदि ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र के लाडले सांसद,विकास के मसीहा, जन नायक केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन्मदिन सेवा कार्यों के साथ मनाया। सर्व प्रथम प्रातः 9 बजे नजूल कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 18 के नवीन पार्क का नामकरण राजमाता साहब के नामकरण कर पौधारोपण रोपण किया गया, इसके पश्चात अन्नपूर्णा भोजनालय, सेवा भारती, जिला चिकित्सालय में मरीजों के परिजनों को भोजन प्रसादी का वितरण किया तथा सभी ने उनके साथ बैठकर भोजन किया। चिकित्सालय के अनाथालय में बच्ची का जन्मदिन मनाया व आवश्यकतानुसार कंबल प्रदान करने की घोषणा की है। सभी नेतागणों ने सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय पहुंचकर रक्तदान में हिस्सा लिया। इसके पश्चात कैंट गोशाला में गायों को गुड़ एवं हरा चारा खिलाया गया । नपाध्यक्ष एवं सभी नेतागण ,12 गरीब वस्ती कंचनपुरा में पहुंचकर जरूरतमंदों को कंबल वितरण किये। नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने बताया कि सांय 6 बजे वृद्ध आश्रम में वृद्ध जनों को भोजन करवा कर श्री सिंधिया के लिए स्वस्थ्य जीवन , दीर्घ आयु एवं सफल राजनैतिक जीवन के लिए आशीर्वाद की कामना की है। इस अवसर पर भाजपा नेता महेन्द्र कुशवाह, शिवनारायण कुशवाह, शशि राठौर ,कवीन्द्र चौहान,बन्टी अहिरवार आदि उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता ने वृद्धाश्रम में आने हेतुशहर के सभी सम्माननीय पार्षद गणों, भाजपा के वरिष्ठ जनों, कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों से सेवाकार्य में आने का अनुरोध किया है।

### नाप–तौल विभाग गुना द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में की गयी जांच

**गुना।** नाप–तौल विभाग गुना द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल 2025 से दिसंबर 2025 तक 2012 संस्थानों की जांच (किराना, फल-सब्जी एवं होटल, धर्मकांटा, गल्ला एवं अन्य संस्थान) की गयी। जिसमें तौल उपकरणों का सत्यापित / मुद्रांकित नहीं पाये जाने पर विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 की धाराओं के तहत कार्यवाही की गयी। जिसमें 102 संस्थानों (माह अप्रैल 2025 से दिसंबर 2025 तक) के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। साथ ही विभिन्न संस्थानों से वित्तीय वर्ष 2025-26 अप्रैल 2025 से दिसंबर 2025 तक 27,76,428/-की आय अर्जित की गयी।

### दिनभर लगी रही श्रद्धालुओं की भीड, हर राह मुड़ी टेकरी की ओर

# अंग्रेजी नववर्ष पर जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री हनुमान टेकरी धाम पर उमड़ा आस्था का सैलाब





गुना। शहर के प्राचीन श्री हनुमान टेकरी मंदिर पर बाला सरकार की महाआरती में शामिल हुए हजारों भक्त एवं सुरक्षाकर्मी।



गुना। संकट मोचन हनुमान मंदिर बरबटपुरा पर महाआरती का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

अंग्रेज़ी नववर्ष के अवसर पर जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री हनुमान टेकरी धाम पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। अनुमान से अधिक श्रद्धालुओं ने टेकरी सरकार के दर्शन कर नववर्ष का शुभारंभ किया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें टेकरी मार्ग पर दिखाई दीं, वहीं पूरे परिसर में भक्ति और अनुशासन का अद्भुत संगम देखने को मिला।बीते कुछ वर्षों में सनातन संस्कृति के प्रति लोगों, विशेषकर युवाओं की आस्था तेज़ी से बढ़ी है। अंग्रेज़ी नववर्ष पर धार्मिक स्थलों की ओर युवाओं का रुख करना समाज में सकारात्मक परिवर्तन और भविष्य के लिए सुखद संकेत है।नववर्ष के अवसर पर टेकरी धाम को विशेष विद्युत सज्जा से सजाया गया तथा टेकरी सरकार का आकर्षक श्रृंगार किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। भारी भीड़ को देखते हुए ट्रस्ट एवं जिला प्रशासन द्वारा पहले से ही व्यापक तैयारियाँ की गई थीं।

### ■ प्रशासनिक तैयारियां रहीं चाक-चौबंद

श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम दर्शन व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं नगरपालिका प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। विगत दिनों कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशासनिक अमले के साथ टेकरी पहुंच मार्ग, मेला स्थल और मंदिर परिसर का निरीक्षण किया गया था।

इसी क्रम में 29 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक ने पुनः टीम के साथ पार्किंग और दर्शन व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया।सायंकाल कलेक्टर सभागार में कलेक्टर की अध्यक्षता में ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित हुई थी, जिसमें प्रत्येक बिंदु पर चर्चा कर व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। टेकरी रोड की सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया।



गुना। शहर की यातायात व्यवस्था का सुगम बनाने के लिए बड़ी संख्या में यातायात कर्मियों ने संभाला मोर्चा।

### ■ आरती व दर्शन व्यवस्था

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 1 जनवरी 2026 को प्रातःकालीन आरती सुबह 7 बजे हुई जिसमें बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।सायंकालीन आरती शाम 6 बजे संपन्न होगी। पूरे दिन श्रद्धालुओं ने अनुशासित ढंग से दर्शन किए।

### ■ सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम

पूरे परिसर में पुलिस बल की तैनाती रही और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई। प्रशासन द्वारा तय मार्गों और पार्किंग स्थलों का पालन होने से यातायात व्यवस्था भी सुचारु बनी रही। ट्रस्ट व प्रशासन की अपीलों का श्रद्धालुओं ने पालन किया, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई।कुल मिलाकर, श्री हनुमान टेकरी धाम पर नववर्ष आयोजन शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और श्रद्धा से परिपूर्ण वातावरण में हो रहा है।

## सेवा न्यास इंदौर के सहयोग से बच्चों व महिलाओं को बांटे गर्म कपड़े, कंबल

### रेडक्रॉस समिति द्वारा सहरिया आदिवासी ग्राम गड़ला गिर्द में सुफलाम



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नववर्ष की पूर्व संध्या पर रेडक्रॉस समिति गुना शाखा द्वारा सहरिया आदिवासी ग्राम गड़ला गिर्द में एक कार्यक्रम आयोजन रखा गया मुख्यातिथि गुना कलेक्टर किशोर कन्याल ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया, तत्पश्चात ग्राम के बच्चों से शिक्षक एवं आंगनवाड़ी पोषण आहार संबंधी जानकारी ली।

महिलाओं से लाडली बहना के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली राशि के उपयोग की जानकारी ली, राशन कार्ड से मिलने वाले खाद्यान्य की भी जानकारी ली।

सचिव डॉ रामवीर सिंह ने बताया कि इस ग्राम में पहले अति कुपोषण रहता था इसी कारण वश गुना में पोषण पुनर्वास केन्द्र की स्थापना की गई थी, जो कि बाद में पूरे देश में पोषण पुनर्वास केन्द्र बने, डॉ लखन धाकड़ द्वारा बच्ची बच्चों को स्वस्थ रहने के टिप दिए,एसडीएम शिवानी पांडे द्वारा सभी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का आव्हान किया। तदोपरांत कलेक्टर द्वारा सुफलाम सेवा न्यास इंदौर के सहयोग से सभी बच्चों एवं महिलाओं को गर्म कपड़े स्वेटर कंबल आदि वितरित किए गए। कार्यक्रम में तहसीलदार मंडलोई, सीईओ जनपद, इंस्पेक्टर रामवीर सिंह, रेडक्रॉस सोसायटी के उप सभापति डॉ भूपेंद्र धाकरे, संजय राठी, चंद्रेश जैन, मुकेश श्रीमाल, शिक्षक के जी भार्गव धाकड़ एवं अनु क्षेत्रवासी उपस्थित रहे, संजय राठी एवं मुकेश श्रीमाल द्वारा भविष्य मे भी सहयोग का आश्वासन दिया, संचालन संजय राठी एवं आभार चंद्रेश जैन ने माना।

### नया साल बना जीवन का वरदान, गंभीर हृदय रोग से उबरा माधव

**गुना ।** दादा-दादी की आंखों का तारा माधव आज पूरी तरह स्वस्थ और सुरक्षित है, यह सोचकर ही उनके चेहरे पर सुकून और आंखों में खुशी के आंसू छलक आते हैं। कभी जिस बच्चे को लेकर पूरा परिवार गहरी चिंता और निराशा में डूबा था, आज वही बच्चा स्वस्थ होकर नए जीवन की शुरुआत कर रहा है। खसखेड़ा निवासी सरजीत यादव के दो पुत्र हैं, जिनमें बड़ा पुत्र माधव (7 वर्ष) जन्म से ही अस्वस्थ रहता था। कई बार चिकित्सकों को दिखाने के बावजूद उसकी स्थिति दिन-प्रतिदिन बिगड़ती चली जा रही थी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (RBSK) अंतर्गत आयोजित हृदय रोग निदान शिविर में जांच के दौरान माधव को गंभीर जन्मजात हृदय रोग होने की पुष्टि हुई। हृदय रोग का नाम सुनते ही परिजन टूट से गए। जब यह जानकारी मिली कि यह जटिल ऑपरेशन इंदौर या भोपाल में संभव नहीं है और उच्च चिकित्सा संस्थान में ही किया जा सकता है।

## पति-पत्नी समेत तीन आरोपी जेल भेजे, 5.17 लाख रुपए बरामद



### नकली सोना देकर 9 लाख की ठगी करने वाला अंतर्राज्यीय गिरोह गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

असली सोने की जगह नकली सोना देकर कपड़ा व्यापारी से 9 लाख रुपये की ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय शातिर गिरोह का धरनावदा थाना पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह में शामिल पति-पत्नी समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5.17 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं।पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में धोखाधड़ी के मामलों पर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी राघौगढ़ दीपा डोडवे के पर्यवेक्षण में धरनावदा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रभात कटारे एवं उनकी टीम ने यह बड़ी सफलता हासिल की।पुलिस के अनुसार फरियादी प्रवीण जैन, निवासी प्रकाश टॉकीज गली गुना, ने शिकायत दर्ज कराई थी कि करीब दो माह पूर्व दो अज्ञात व्यक्ति उसकी दुकान पर कपड़े खरीदने के बहाने आने लगे और विश्वास कायम किया। बाद में उन्होंने सोने के असली मोती दिखाकर भरोसा दिलाया।15 अक्टूबर 2025 को आरोपियों ने महिला के कैंसर इलाज का बहाना बनाकर सोने के जेवर बेचने की बात कही और फरियादी को रूठियाई बुलाया, जहां 9 लाख रुपये लेकर नकली सोना थमा दिया गया। जांच में सोना नकली पाए जाने पर पुलिस में शिकायत की गई।मामले में धरनावदा थाने में अपराध क्रमांक 277/25 धारा 318(4) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र के आधार पर आरोपियों की पहचान कर 30 दिसंबर 2025 को उन्हें गिरफ्तार किया।

#### गिरफ्तार आरोपियों में

ऊदाराम बागरी (35)मंजू बागरी (34) पति-पत्नी, निवासी ग्राम रामसीन, जिला जालौर (राजस्थान)हरिराम बागरी (42) निवासी ग्राम आसना, जिला जालौर (राजस्थान)शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने ठगी करना स्वीकार किया है।पुलिस ने आरोपियों के पास से ठगी की रकम में से शेष 5.17 लाख रुपये बरामद कर लिए हैं। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

#### ठगी का तरीका

आरोपी पहले दुकानदारों से छोटी खरीदारी कर विश्वास बनाते थे। इसके बाद असली सोने के कुछ मोती दिखाकर भरोसा जीतते और बीमारी या आर्थिक संकट का बहाना बनाकर नकली सोने की माला बेचकर बड़ी रकम लेकर फरार हो जाते थे। गिरोह मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में सक्रिय था।इस कार्रवाई में धरनावदा थाना पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

### नवीन श्रीराम जानकी मंदिर पुरानी छावनी में प्रेस क्लब व डाक विभाग ने निशुल्क बीमा शिविर का आयोजन किया

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया के जन्मदिन पर सामाजिक सुरक्षा अभियान का प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पत्रकारों के हित में शुरू हुआ प्रेस क्लब का सामाजिक सुरक्षा अभियान आज एक जनआंदोलन का रूप ले चुका है। यह अभियान अब सिर्फ कलमकारों तक सीमित नहीं, बल्कि आमजन की सुरक्षा की मजबूत ढाल बनता जा रहा है।इसी सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए, क्षेत्रीय सांसद शज्योतिरादित्य सिंधिया के जन्मदिन के अवसर पर पुरानी छावनी स्थित कुशवाह समाज के नवीन श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में एक सराहनीय पहल देखने को मिली।मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष हेमंत सिंह कुशवाह ने बताया कि प्रेस क्लब व डाक विभाग द्वारा निशुल्क बीमा शिविर, सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन्मदिन पर प्रेस क्लब द्वारा पत्रकारों के लिए प्रारंभ किया गया ।

सामाजिक सुरक्षा अभियान अब जन-जन तक पहुँच चुका है। इसी क्रम में क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन्मदिन के अवसर पर कुशवाह समाज के नवीन श्रीराम जानकी मंदिर, पुरानी छावनी में प्रेस क्लब एवं डाक विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक निशुल्क बीमा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की और विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। आयोजकों ने बताया कि यह बीमा शिविर आने वाले दिनों में भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

### बजरंगगढ़ स्थित शांतिनाथ पुण्योदय अतिशय तीर्थ पर 1008 कलशों से महामस्तकाभिषेक


**गुना।** नववर्ष 2026 का शुभारंभ जिले में आस्था और उल्लास के साथ हुआ। आचार्यश्री निर्भय सागर महाराज के सानिध्य में बजरंगगढ़ स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन पुण्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र पर 1008 कलशों से भव्य महामस्तकाभिषेक एवं विश्व शांति हेतु शांतिधारा संपन्न हुई। दोपहर में वार्षिक विमान निकाले गए।इधर नववर्ष के अवसर पर हनुमान टेकरी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। प्रशासन के अनुसार देर शाम तक एक लाख से अधिक भक्तों के दर्शन करने की संभावना है। सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के लिए प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किए गए।



## श्री संभवनाथ जिनालय में भक्ति संध्या व प्रातः महामस्तकाभिषेक हुआ

हरिभूमि न्यूज ▸▸राघौगढ़

संत सुधा सागर धाम स्थित श्री संभवनाथ जिनालय राघौगढ़ में वर्ष 2025 की विदाई मेला में भक्ति भाव से भगवान की आराधना एवं श्री भक्तांबर जी के 48 काव्य पर समाज जनों द्वारा 48 दीप प्रज्वलित कर रात्री 12:01 पर महा आरती हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जैन समाज राघौगढ़ द्वारा राघौगढ़ नगर में नवनिर्मित श्री संभवनाथ जिनालय संत सुधा सागर धाम में 31 दिसंबर को रात्रि 8:00 बजे से संगीतमय भजन संध्या प्रारंभ हुई। रात्रि 9:30 बजे से श्री भक्तामर जी के एक-एक काव्य पर समाज के एक-एक परिवार के पुरुष एवं महिलाओं हाथ में दीपक लेकर नृत्य करते हुए दीप प्रज्वलित कर रहे थे। बीच-बीच में प्रश्न मंच आयोजित कर आकर्षक पुरस्कार वितरित किए गए। रात्रै 12:01 पर सैकड़ो श्रद्धालुओं एवं महिलाओं की उपस्थिति में महा आरती की गई। महा आरती करने का सौभाग्य श्री शुभोदय जैन तीर्थ बीनागंज के अध्यक्ष समाजसेवी डॉक्टर विमल जैन आवन के परिवार को मिला। समाज जनों को रात्री में जैन समाज के श्रेष्ठीजनों के नितिन रावत, अशोक कुमार भरसूला, प्रदीप कुमार जैन ने सौजन्य से स्वल्पाहार एवं केसरिया दूध की व्यवस्था की गई थी। नव वर्ष के आगमन की शुभ बेला में 1 जनवरी 2026 को भगवान संभवनाथ की मनोहरी एवं चमत्कारी 21 फुट उतंग लाल पाषाण से निर्मित प्रतिमा जिसकी प्रतिष्ठा गत जून जुलाई 25 में श्री पंचकल्याणक महोत्सव में तीर्थ उद्धारक निर्यापक श्रवण मुनि सुधा सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में हुई है। इस प्रतिमा का सैकड़ो भक्तों ने भक्ति भाव से महामस्तकाभिषेक किया। अभिषेक का कार्यक्रम लगभग 2 घंटे चला। भजन संध्या में सब दूर संगीत के साथ भजन एवं भक्तांबर प्रस्तुति धर्मेंद्र कुमार जैन सांवलिया एंड पार्टी अशोक नगर निधि कार्यक्रम का संचालन विकास कुमार जैन ने किया। प्रश्न मंच का संचालन योगेंद्र कुमार भारिल्य ने किया जैन समाज राघौगढ़ के अध्यक्ष सिंघई अशोक कुमार भारिल्य नेसभी को धन्यवाद दिया है। भजन संध्या एवं महामस्तकाभिषेक में राघौगढ़ सहित साडा कॉलोनी, एनएफएल विजयपुर, डोंगर आवन के श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भाग लिया।



## शिक्षा विभाग पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण हेतु शिविर का आयोजन

**चाचौड़ा।** मंगलवार आयोजित होने वाली जन-सुनवाई में पेंशनरों की बढ़ती समस्याओं को देखते हुए कलेक्टर गुना, अनुविभागीय अधिकारी महोदय चांचौड़ा एवं जिला शिक्षा अधिकारी गुना के निर्देशानुसार पेंशनरों के लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समस्त पेंशनरों से आग्रह है कि वे अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराएँ। शिविर03 जनवरी शनिवार समयः प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक स्थानः शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बीनागंजशिविर में संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहकर पेंशन से जुड़े सभी लंबित प्रकरणों का स्थल पर निराकरण करेंगे।

### नए साल में चाचौड़ा-बीनागंज को बड़ी सौगात

# 'चंपावती पथ' का आकर्षक लोकार्पण दोनों ओर पौधरोपण से निखरी सुंदरता

हरिभूमि न्यूज ▸▸चांचौड़ा




नए वर्ष की शुरुआत के साथ क्षेत्रवासियों को विकास का बड़ा उपहार मिला है। नगर परिषद् चाचौड़ा–बीनागंज द्वारा विकसित "चंपावती पथ" का लोकार्पण गुरुवार को मुख्य अतिथि चाचौड़ा विधायक प्रियंका पहुंची द्वारा किया गया। यह मार्ग जिला सहकारी बैंक से बिहार हाउस चौराहे तक निर्मित किया गया है, जो अब सुंदर, आकर्षक एवं आधुनिक स्वरूप में लोगों की सुविधा बढ़ाएगा।नए निर्माण के साथ-साथ सड़क के दोनों ओर लगाए गए पौधों ने चंपावती पथ को और भी आकर्षक व पर्यावरण-अनुकूल बना दिया है। यह नया मार्ग नगर के आवागमन को आसान बनाएगा और क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करेगा।कार्यक्रम में मौजूद विधायक प्रियंका पहुंची ने कहा कि— "विकास ही हमारी प्राथमिकता है और जनकल्याण हमारा संकल्प। चंपावती पथ का लोकार्पण इसी संकल्प की दिशा में एक मजबूत कदम है।"कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्रद्युमन मीना, जिलामंत्री श्रीकृष्ण (भोला) सोनी, वार्ड पार्षद सुधा राजावत, विधायक प्रतिनिधि प्रद्युमन मीना (कीताखेड़ी), वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेश खंडेलवाल, रणधीर सिंह लोधी, नंदू सेनी, पूर्व महामंत्री सीताराम गुर्जर, ओमवली, सूरज पालीवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।प्रशासनिक अमले में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रवि मालवीय, तहसीलदार मयंक खेमरिया, नगर परिषद् सीएमओ ओम त्र्यंबकेश्वर एवं समस्त स्टाफ कार्यक्रम में मौजूद रहा।प्रदेश सरकार एवं नगर परिषद् द्वारा किए जा रहे निरंतर विकास कार्यों के बीच चंपावती पथ का लोकार्पण क्षेत्र की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है।

## नववर्ष पर बीएमओ का निरीक्षण, महिला चिकित्सक मिली नदारद, फोन कर बुलाया ओपीडी

हरिभूमि न्यूज ▸▸बीनागंज

नववर्ष के पहले ही दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीनागंज में बीएमओ डॉ. आर.के. पुष्पक ने अचानक पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई विभागों में अनियमितताएं मिलीं। वहीं ओपीडी में इलाज कराने पहुंचे मरीजों की लंबी लाइन दिखी, महिलाओं की संख्या भी काफी अधिक रही।आर. के. पुष्पक बीएमओ बीमागंज इस दौरान महिला चिकित्सक डॉ. निधि भार्गव अपने ओपीडी कक्ष से नदारद मिलीं। महिलाओं की भीड़ को देखते हुए बीएमओ ने मौके से ही फोन लगाकर उन्हें तुरंत ओपीडी में बैठने के निर्देश दिए। ओपीडी का निर्धारित समय सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक है, लेकिन निरीक्षण दोपहर 12 बजे के बाद किया गया, तब भी महिला चिकित्सक अनुपस्थित पाई गईं।सूत्रों के अनुसार निरीक्षण के समय तक 62 मरीज पर्चा बनवाकर इलाज करा चुके थे, जिनमें कई महिलाएं भी शामिल थीं। महिला चिकित्सक की अनुपस्थिति के कारण महिलाओं को मजबूरी में अन्य चिकित्सकों को दिखाना पड़ा।मरीजों और समाजसेवियों द्वारा कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। आज जब बीएमओ ने स्वयं निरीक्षण किया तो स्थिति स्पष्ट रूप से सामने आई। हालांकि किसी प्रकार की कड़ी कार्रवाई किए बिना बीएमओ ने केवल फोन पर उपस्थिति के निर्देश देकर बात समाप्त कर दी। बीएमओ आज नया वर्ष शुरू हुआ है। मैं चाहता हूँ कि मेरे विभाग का पूरा स्टाफ समय पर उपस्थित रहे और मरीजों की सेवा में ईमानदारी से काम करे। आज किए गए निरीक्षण में कई अनियमितताएं मिली हैं। इन्हें सुधारा जाएगा और कल से जो भी स्टाफ समय पर नहीं मिलेगा, उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## सकल हिंदू समाज के द्वारा भूमि पूजन कलश यात्रा व ध्वज रोपण कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▸▸आरोन

आगामी 22 जनवरी 2026 को आरोन खंड के मुंहासा मंडल में संपन्न होने जा रहे विराट हिंदू सम्मेलन के निमित्त सकल हिंदू समाज के द्वारा भूमि पूजन कलश यात्रा एवं ध्वज रोपण कार्यक्रम मुंहासा ग्राम के मंशापूर्ण हनुमान मंदिर में संपन्न हुआ जिसमें सैकड़ो की संख्या में मातृ शक्ति एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुना जिला के सेवा प्रमुख श्री डॉ ओमपाल जी परमार एवं आरोन खंड के पर्यावरण प्रमुख श्री धर्मेंद्र जी रघुवंशी उपस्थित रहे दोनों वक्ताओं ने हिंदू सम्मेलन की रूपरेखा एवं इसके उद्देश्य पर विस्तृत चर्चा की एवं बताया कि हिन्दू सम्मेलन के निमंत्रण के रूप में समिति के कार्यकर्ता घर घर जाकर पीले चावल एवं भारत माता के चित्र देंगे श्री ओमपाल परमार जी ने सभी ग्राम वासियों से अधिक से अधिक संख्या में हिंदू सम्मेलन में आने एवं इसे सफल बनाने का आवाहन किया।

## दीतलवाड़ा स्पोर्ट फेस्टिवल में क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आगाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸चांचौड़ा

दीतलवाडा स्पोर्ट फेस्टिवल 18 दिसंबर गुरुवार से क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आगाज जिसमें क्षेत्रों से लगभग 64 टीम में टूर्नामेंट में भाग लेंगी ,इसमें प्रथम पुरस्कार 100000, द्वितीय पुरस्कार 51 000 हजार,तृतीय पुरस्कार 31000हजार , चतुर्थ पुरस्कार 21000 रुपए रखा गया है एवं प्रत्येक मैच के लिए मैन ऑफ द मैच के लिए भी अलग से पुरस्कार दिया जाएगा। यह टूर्नामेंट विगत 7 वर्षों से निरंतर दीतलवाडा स्पोर्ट समिति के द्वारा किया जाता है यह आयोजन स्वर्गीय मिश्रीलाल मीणा की स्मृति में उनके परिवार के सदस्यों के द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है इसमें शिवनारायण मीना, कैलाश नारायण मीना, चंद्रशेखर मीना ,चंद्र मोहन मीना एवं टूर्नामेंट के व्यवस्थापक अर्जुन मीणा का भी विशेष सहयोग रहता है




दीतलवाड़ा स्पोर्ट्स फेस्टिवल सीजन -7 क्रिकेट टूर्नामेंट राउंड -2 के आज तीन मुकाबले खेले गए पहला मैच MBBS और एक्टिव मोबाइल चाचौड़ा के बीच खेला जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए MBBS ने 59 रन बनाए जिसका पीछा करने उतरी एक्टिव मोबाइल की शुरुआत खराब रही और 21 रन पर 6 विकेट खो दिए थे फरीद ओर फैजल की समझदारी भरी पारी की बदौलत एक्टिव मोबाइल ने मैच को अपने नाम किया राज बिज़ोरी ने 3 विकेट लिए पहले मैच के मैन ऑफ द मैच रहे फैजल जिन्होने ने गेंदबाजी में 3 विकेट लिए दूसरा मैच जेएस बरियाखेड़ा ओर टाइगर हिंद के बीच हुआ जिसमें जेएस बरियाखेड़ा ने उम्मीदों के खिलाफ प्रदर्शन किया ओर पूरी टीम 55 रन पर ढेर हो गई राजा के अलावा किसी भी बल्लेबाज ने दो अंक में नहीं पार कर पाया , आशिफ ने शानदार 3 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट , बल्लू भील 2 चीनू 2 विकेट प्राप्त किए बल्लेवाजी करने उतरी टाइगर हिंद ओपनिंग जोड़ी के जल्दी जाने के बाद शिवम् पंडित श्रीराम ने आसानी से बल्लेवाजी करके लक्ष्य हासिल किए और टीम को जीत का स्वाद चखाया।

मैन ऑफ़ दा मैच आशिफ रहे दिन का तीसरा और आखिरी मुकाबला खेला गया संकोण्या कंजर क्रिकेट क्लब और कन्नू 11 चाचौड़ा के बीच जिसमें संकोण्या कंजर क्रिकेट क्लब टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और कहीं ना कहीं यह फैसला गलत साबित हुआ कन्नू 11 चाचौड़ा ने पूरी टीम को 53 रन के स्कोर पर रोक दिया वही कन्नू 11 ने 8 ओवर में 4 विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल किया जिसमें ईलू बाबा ने 20 शिवम् ने 13 रन का योगदान रहा क्षेत्र रक्षण में विनोद का एक कैच मैच का सर्वश्रेष्ठ कैच रहाइस क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल 14 जनवरी 2026 को रहेगा। यह टूर्नामेंट इस क्षेत्र में एक अनोखी पहचान बन चुका है।

## अस्पताल में जरूरतमंद को बांटे गर्म कपड़े

हरिभूमि न्यूज ▸▸शाढौरा

नव वर्ष को लेकर लोगों में खासा उत्साह रहा, हर किसी ने अपने अपने अंदाज में नव वर्ष का स्वागत किया। नगर के समाजसेवी धर्मवीर रघुवंशी ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर नए साल के प्रथम दिन प्रभात बेला में जन्में बच्चों एवं उनकी माताओं को गर्म कपड़ों की किट देकर नया साल मनाया।



इस मौके पर अस्पताल के स्टाफ के साथ-साथ सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। धर्मवीर रघुवंशी ने बताया कि ज़रूरतमंदों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण एक सामाजिक कार्य है, सर्दी के मौसम में बच्चों,एवं महिलाओं को ठंड से बचाया जा सके; यह अभियान अक्सर वस्त्रदान के ज़रिए चलाया जाता है, जिसमें गर्म कपड़े एकत्र कर जरूरतमंदों तक पहुंचाए जाते, नव वर्ष के आसपास अस्पतालों में जन्मे नवजात बच्चों एवं उनकी माताओ को गर्म कपड़ों का वितरण एक नेक काम है जो ठंड से जूझ रहे लोगों की मदद करता है और समाज में सेवा का भाव बढ़ाता है।

## अनावेदकों को प्रति सप्ताह सोमवार व गुरुवार को संबंधित थाना में देनी होगी हाजिरी

अशोकनगर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट आदित्य सिंह द्वारा जिले में शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु विभिन्न अपराधों में लिप्त तीन अनावेदकों को प्रति सप्ताह सोमवार एवं गुरुवार को संबंधित थाना में हाजिरी देने हेतु आदेश जारी किये है। जारी आदेशानुसार अनावेदक रामराजा उर्फ बकील पुत्र श्यामलाल जाति यादव उम्र 40 निवासी ग्राम बघनरी थाना कदवाया जिला अशोकनगर के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 09 प्रकरण दर्ज होने एवं अनावेदक इन्द्रभान पुत्र श्यामलाल यादव उम्र 51 साल निवासी बघनरी थाना कदवाया जिला अशोकनगर के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 12 प्रकरण दर्ज होने तथा अनावेदक कोमेश विमल पुत्र दिलीप सिंह जाटव उम्र 28 साल निवासी कुडीघाट थाना देहात अशोकनगर के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 07 प्रकरण दर्ज होने पर तीन-तीन की कालावधि के लिए अनावेदक को प्रति सप्ताह सोमवार एवं गुरुवार को संबंधित थाना में हाजिरी देनी होगी। यदि अनावेदकों के विरूद्ध चल रहे किसी न्यायालयीन प्रकरण में उसकी उपस्थिति आवश्यक है या उसे विधिवत आहूत किया जावे तो अनावेदक न्यायालय में उपस्थित होने हेतु घर से बाहर जा सकेगा।

## थाना कोतवाली द्वारा नववर्ष कार्यक्रम के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने पर कार्रवाई

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं चैकी प्रभारियों को दिनांक 31.12.2025 एवं 01.01.2026 की दरम्यानी रात्रि में नववर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये सख्त निगरानी एवं कार्यवाही के निर्देश जारी किए गए थे। जिसके चलते तेज आवाज में डीजे बजाने पर कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही की है।



थाना प्रभारी कोतवाली निरी. रवि प्रताप सिंह चैहान द्वारा नववर्ष कार्यक्रम के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने पर 06 साउंड सिस्टम एवं 03 एम्प्लीफायर जप्त किये गये है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 31.12.2025 एवं 01.01.2026 की दरम्यानी रात्रि में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा रात्रि कस्बा भ्रमण के दौरान शहर में तेज आवाज में डीजे बजाने वाले दो डीजे संचालक विवेक शाक्य पिता रमेश शाक्य, निवासी पठार मोहल्ला, अशोकनगर एवं राजकुमार, पिता भरोसा केवट, निवासी पठार मोहल्ला, अशोकनगर के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये कोलाहल अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किए गए तथा मौके से 06 साउंड सिस्टम एवं 03 एम्प्लीफायर जप्त किए गए।

## सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्रों ने किया भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▸▸अशोकनगर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेता क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं का 1 जनवरी 2026 को अतिरिक्त क्लास के रूप में अध्ययन भ्रमण कृषि विज्ञान केंद्र पलकटोरी व विकासखंड स्तरीय प्रस्फुटन नर्सरी रांवसर में कराया गया।

इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने बताया अध्ययन भ्रमण के माध्यम से छात्रों की क्षमता वृद्धि करना तथा कृषि संबंधी योजनाओं का जानकारी लेना। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र अशोकनगर के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी भवानी शंकर गुप्ता ,कृषि विज्ञान केंद्र की योजना से संबंध जानकारी दी। उन्होंने प्राकृतिक खेती के लिए जीवामृत कैसे बनाया जाता है। डॉक्टर हेमंत कुमार त्रिवेदी ने मशरूम खेती, मधुमक्खी पालन तथा विभिन्न अनाजों की वैरायटी, वर्मी कंपोस्ट, मौसम विभाग का पूर्व अनुमान तथा कृषि से संबंधित अन्य जानकारी दी। जन अभियान की विकासखंड स्तरीय प्रस्फुटन नर्सरी रांवसर का कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारीगण, परामर्शदाता व छात्राओं ने भ्रमण किया। 10000 पौधे किस तरह तैयार किये इसके बारे में जानकारी नर्सरी संरक्षण बलबीर सिंह यादव ने दी। भ्रमण में डॉ के.के. यादव, इंदर सिंह मिर्धा मौसम वैज्ञानिक, विकासखंड के समस्त परामर्शदाता रचना गुप्ता, रानी शर्मा, बलवीर यादव, अरुण जैन, गणेशराम अहिरवार सहित 45 छात्र व छात्राएं उपस्थित थे।

### हर रोज शाम को दिया जाता है भरपेट भोजन

# मरीजों के परिजन की सहारा बनी सुखमनी सेवा समिति

हरिभूमि न्यूज ▸▸अशोकनगर





मानवता की सेवा की बात करना बहुत बड़ी बात है लेकिन सेवा कर पाना कठिन है लेकिन अगर इरादे मजबूत हो और करने की लगन हो, कठिन से कठिन काम गोरी पूरा किया जा सकता है ऐसा ही संकल्प उस समिति के सदस्यों ने लिया है जिसे अपना उद्देश्य सिर्फ मानवता की सेवा करना ही बनाया है और इसी उद्देश्य को लेकर सुखमनी सेवा समिति जिला अस्पताल अशोकनगर में आने वाले मरीज के परिजनों को भोजन करा रही है। यह विचार इस समिति के सदस्यों के पास तब आया जब कई परिवार जो मरीज को लेकर आए थे वह भोजन की लालसा में भटक रहे थे, इन गरीब तवके के लोगों की मनोदशा को देखकर समिति ने 13 साल पहले संकल्प लिया और यह संकल्प निरंतर जारी है।

### कई गांव से आने वाले लोग भूखे सो जाते थे यहां से प्रेरणा मिली

जिला अस्पताल में पहले यह समाजसेवी चाय का निःशुल्क वितरण करते थे तब देखा कि गांव से आने वाले कई मरीजों के परिवारजन इतने सक्षम नहीं थे कि वह अपना पेट भर सकें। जरा से पैसे पास में होते थे वह दवा पर खर्च करें या फिर खाना खाने होटल पर जाए, कई परिजन भूखें ही सो जाते थे। यहीं से विचार सामने आया और दिसम्बर 2012 में इसकी शुरूआत हुई।

### सिख समाज हर वर्ष क्विंटलों से गेहूं प्रदान करता है

इस भोजन शाला के लिए पूरा गेहूं सिख समाज के द्वारा प्रदान किया जाता है इस बार 56 क्विंटल गेहूं दिया गया है। समिति में 35 सदस्य हैं जिनमें कई सदस्य हर दिन शाम को खाना खिलाने पहुंचते हैं। सभी सदस्यों द्वारा आपस में राशि एकत्रित की जाती है और भोजन देने की यह अनवरत प्रक्रिया चलाई जा रही है। जिनमें विष्णुप्रसाद शर्मा, धमेन्द्र रघुवंशी, श्याम कन्हौआ,पूर्व एसआइ गिल तो होते ही हैं साथ में कुछ लोग समय समय पर आते रहते हैं।

### श्याम कन्हौआ के घर पर 13 वर्षों से पत्नी की देखरेख में बनता है भोजन

प्रतिदिन शाम की अवधि में यहां मरीजों को भोजन कराया जाता है यह भोजन प्रतिदिन बनाकर ताजा लाया जाता है। भोजन बनाने के लिए आदमी लगाए गए हैं। समिति के सदस्य श्याम कन्हौआ के घर पर निरंतर भोजन बन रहा है। उनकी पत्नी की देख रेख में यह खाना बनता है और बनने के बाद इस भोजन को लेकर अस्पताल लाते हैं जहां मरीज को बिठाकर उन्हें सम्मान खाना खिलाया जाता है हर रोज ताजा खाना परोसा जाता है। किसी न किसी विशेष दिन कोई नई चीज बनाई जाती है। मरीज के परिजन खाना कितना भी खाएं इस पर कोई पाबंदी नहीं हैं। मरीजों की सेवा में लगी यह सुखमनी सेवा संस्थान अशोकनगर की पहचान बन गयी है। यह समिति के सदस्य जिला अस्पताल में निश्चित समय पर पहुंचते हैं और मरीजों के परिवार जनों को अपने हाथों से भोजन कराते हैं यह संस्था लगातार काम कर रही है और समर्पित व्यक्तित्व के धनी लोग इस समिति के हिस्सा है।



## पहली जनवरी को क्रिकेट स्पर्धा में तीन मैच खेले गए

अशोकनगर। लगान क्रिकेट क्लब अशोकनगर के द्वारा मैत्री कप सीजन 5 का आयोजन किया जा रहा है। शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज ग्राउंड पर खेले जा रहे जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में आज दिनांक 1 जनवरी को तीन मुकाबले खेले गए।

पहला मैच सुकून रघुवंशी 11 और किंग्स ऑफ़ आंवरी सरपंच 11 के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आंवरी 11 ने निर्धारित 10 ओवर में 111 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए सुकून रघुवंशी 11 ने अंतिम गेंद पर 112 रन बनाकर मैच जीत लिया। जिसमें मैन ऑफ द मैच गिर्राज शर्मा रहे जिन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 32 रन बनाए और 3 विकेट लिए। दिन के दूसरे मैच एम के वॉरियर और पंजाब मशीनरी स्टोर के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एम के वॉरियर ने निर्धारित 10 ओवर में 84 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए। पंजाब मशीनरी स्टोर ने 9.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच विजेंदर सिंह रहे। दिन के तीसरे और अंतिम मैच में आर्यन एकेडमी और विजेता 11के बीच हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आर्यन एकेडमी ने निर्धारित 10 ओवर में 118 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए विजेता 11 केवल 87 रन ही बना सकी और 31 रन से मैच हार गई। इस मैच के मैन ऑफ द मैच सूरज रघुवंशी रहे।

**खबर संक्षेप**

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत मां बेटी घायल

**अशोकनगर।** बीती शाम बायपास रोड पर युगल सरकार मंदिर के समीप एक कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी चला रहे मोतीलाल बाल्मीक उम्र 34 साल की मौत हो गई। घटना में मृतक की पत्नी विद्याबाई उम्र 32 साल, बेटी बुलबुल उम्र 5 साल को चोटें आईं हैं। घटना के बारे में बताया गया है कि मोतीलाल बाल्मीक बच्चों के साथ बाजार से अपने घर जा रहे थे इस घटना में कार स्कूटी को 20 फीट तक घसीटते ले गई। घटना में घायल मोतीलाल बाल्मीक को भोपाल रैफर किया गया था। भोपाल पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल अशोकनगर में मृतक का पोस्टमार्टम किया गया। मृतक नगरपालिका में सफाई कर्मचारी था। कार ने स्कूटी में पीछे से टक्कर मारी थी, घटना के बाद कार चालक फरार हो गया।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। चन्देरी पुलिस ने ग्राम विक्रमपुर निवासी भूरा आदिवासी के पास से 7 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार नईसरायं पुलिस ने ग्राम किर्रोदा निवासी गब्बर बाल्मीक से 6 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार नईसरायं पुलिस ने ही ग्राम सीहोर निवासी दौलत सिंह कुशवाह के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### अज्ञात बदमाश बाइक चुराकर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत ग्राम ईन्दोर निवासी अमित यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके घर के बाहर से कोई अज्ञात चोर उसकी बाईक चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है।

नए वर्ष के स्वागत के लिए सुबह से ही पर्यटक आकर्षक स्थलों की ओर बढ़े, 60 हजार सैलानी पहुंचे

# हजारों सैलानियों ने चंदेरी की खूबसूरती को निहारा ऐतिहासिक महलों, किलों पर नववर्ष का जश्न मनाया





हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

मध्यप्रदेश की ऐतिहासिक प्राकृतिक और पौराणिक नगरी चन्देरी को जितने नजदीक से निहारा जाए उतनी ही खूबसूरत यह नगरी नजर आती है। इस नगरी को प्रकृति का वरदान है यही कारण है कि यहां की पर्वत मालाएं, ताल तलैया, बावड़ियां, जहां प्राकृतिक सुंदरता का अहसास कराती हैं। वहीं इस नगरी में महल यहां के इतिहास से अवगत कराते हैं। इसकी सुंदरता के साथ साथ यहां की चन्देरी साड़ी भी चंन्देरी के वैभव का प्रतीक है। इसीलिए नववर्ष पर सैलानी चन्देरी पहुंचे और यहां की वैभवता को नव वर्ष के साथ उत्सव में शामिल किया।

### चंदेरी के महलों से लेकर धार्मिक स्थलों पर भीड़ रही

नए वर्ष के स्वागत के लिए सुबह से ही पर्यटक आकर्षक स्थलों की ओर बढ़ते दिखाई दिए। बादल महल, किला, कोठी, म्यूजियम और कौशिक महल पर पर्यटकों की भारी संख्या देखी गई। इसी प्रकार चन्देरी के परमेश्वर तालाब, लक्ष्मण मंन्दिर, कटी घाटी, सिंहपुर महल पर भी सैलानी पहुंचे। तो इधर मां जागेश्वरी मंदिर पर माता के भक्त माता के दरबार में मन था देखने के लिए पहुंचे जहां मंदिर परिसर में भी दर्शनार्थियों की भीड़ दिखाई दी है। साल 2025 की विदाई के साथ 2026 की शुरुआत का जश्न मनाने के लिए महत्वपूर्ण स्थलों पर लोग आतिशबाजी करते हुए होटल पार्टियों में भी जुटे रहे। जानकारी के अनुसार,क्षेत्र में पिछले कुछ समय से फिल्मों की शूटिंग के कारण पर्यटन के क्षेत्र में लगातार वृद्धि हो रही है, जिसके चलते स्थानीय प्रशासन ने पर्यटकों की सुविधा के लिए बैरिकेडिंग और पार्किंग व्यवस्था की है। बादल महल में पहुंचे जहां बड़ी संख्या में पर्यटकों ने अपने टिकट कटाएं और म्यूजियम में भी टिकट काटे गए जहां पहुंच कर पर्यटकों ने अपनी हाजिरी दर्ज कराई।

### किला कोटी मार्ग पर दोपहर के बाद से लगा रहा लंबा जाम

आने वाले पर्यटक जब किला कोटी की ओर बढ़ रहे थे तब उन्हें मुश्किल भारी कठिनाइयों के बीच किला कोठी पर जाना पड़ा क्योंकि किला कोठी जाने वाले मार्ग पर जाम की स्थिति देखने को मिली जहां रास्ते में कई गाड़ियों की क्लच प्लेट खराब हो गई जिसके चलते कई वाहन चालकों को अपनी गाड़ी वहीं खड़ी करना पड़ी और उसके बाद उन्हें पैदल जाना पड़ा। इस दौरान निजामुददीन चैराहा पर भी जाम की स्थिति देखी गई। जिसके चलते आने जाने वाले वाहन चालक काफी परेशान दिखाई दिए। इधर दिल्ली दरवाजे से लेकर इंद्रापार्क तक वाहनों की लाइन लगी रही और बीच-बीच में जाम जैसी स्थिति बनी रही। इसके बाद पुलिस की मदद से जाम को हटवाया गया। इस वर्ष दुर्घटनाओं की बात की जाए तो क्षेत्र में छोटी-छोटी लगभग चार घटनाएं घटित हुई हैं।

## तुलसी सरोवर पार्क नए वर्ष पर गुलजार रहा, झूलों का आनंद लिया

अशोकनगर। शहर में अगर घूमना या फिरना हो अथवा मनोरंजन के स्थान की जरूरत हो तो शहर में तुलसी सरोवर पार्क का पहले स्थान पर नाम आता है और नए वर्ष पर यह पार्क उत्सव और आनंद का स्थल बना। यहां शहर निवासियों ने परिवारजनों के साथ जाकर पार्क का आनंद लिया।

**पार्क में भी भीड और रास्तों पर भी भीड नजर आई** शहर का यह तुलसी सरोवर पार्क यहा की धरोहर है। वैसे तो पार्क इस शहर मे बहुत है लेकिन अगर वहा मनोंरजन के साधन नही है तो वह सिर्फ पार्क हरियाली के केन्द्र बन कर रह गए है। लेकिन इस पार्क की खासियत यह है कि यहा हरियाली भी है और मनोरंजन के साधन भी है। इसलिए लोग इस पार्क मे अधिक संख्या मे पहुचते है। पार्क मे भीड जितनी थी। उतनी ही भीड पार्क जाने वाले रास्तो पर देखी गई। पार्क के बाहर दुकानो का मेला भी लगा देखा गया। सभी ने अपनी अपनी पसंद की वस्तुए खरीदी। इस पार्क के दूसरी





ओर तुलसी सरोवर है जिसमें बहते हुए पानी की कलकल धारा भी नव वर्ष मनाने पहुंचे लोगों को आनंदित करती रही। इस नव वर्ष पर शिव टोरिया पर भी बडी संख्या मे लोगो की भीड पहुची। यहा पहुचने वाली भीड यहा के बदले हुए स्वरूप को देखकर अचंभित थी। यहां भी परिवार जन साथ में पहुंचे और मंदिरों के दर्शन किए और मनोरंजन किया। नगरपालिका में आने वाली परिषद पार्क की खूबसूरती को कायम करती आ रही हैं शहर मे तुलसी सरोवर पार्क जब से बना है। तब से आज तक की नगरपालिकाए इसकी खूबसूरती को बनाकर रखने मे लगी रही। यही कारण है कि 16 साल बाद भी यह पार्क सुदंर बना है। 1 जनवरी को यहा बडी संख्या मे महिलाए ,युवतिया, युवा और बच्चे पहुचे। यहा युवतियो के साथ बच्चो ने एक के बाद एक कई झूलो का आनंद लिया। बच्चे फिसलन पटटी पर फिसलते हुए देखे गए। कई युवतिया पार्क की सुंदरता को अपने कैमरे मे कैद करते हुए नजर आई। इस दौरान उन्होने सेल्फी भी ली। यहा का फाउनटेंन भी पार्क मे पहुचे लोगो को अपनी ओर आर्कषित करता रहा। अनेक लोगो ने पार्क की हरियाली मे बैठकर अपने साथ लाए हुए सामान का उपयोग किया। अशोकनगर शहर मे वैसे तो पार्क और भी है

### रात के 12 बजते ही शहर में पटाखे फूटे, नव वर्ष का स्वागत किया

**अशोकनगर।** शहर मे नववर्ष के मौके पर कई धार्मिक स्थलो पर भी श्रृद्धालुओ का मेला लगा। किसी ने करीला मे जानकी माता के दरवार मे पहुचकर नव वर्ष मनाया तो किसी ने तूमैन मे बैठादेव के दरबार मे पहुचकर भक्ति की। शहर मे अनेक स्थानो पर बीती रात उत्सव मनाए गए। पूरे दिन नववर्ष पर लोगो को शुभकामनाए देते हुए देखा गया। सोशल मीडिया पर पूरे दिन शुभकामनाओ का दौर चलता रहा। अनेक लोग एक दूसरे के घरो पर भी शुभकामनाए देने पहुचे। घडी के बारह बजते ही शहर मे पटाखो की आवाज सुनाई देती रही। इस दौरान उत्सव प्ेरमियो ने 2025 को अलविदा किया और नववर्ष 2026 का स्वागत किया। सफाई कर्मचारी पूरे समय तैनात रहे नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने तुलसी सरोवर पार्क में कुछ दिन पहले ही सीसीटीव्ही कैमरे लगवाए हैं। ताकि यहां कि सुरक्षा को भी कैमरों की मदद से सुरक्षित किया जाए। नव वर्ष के दिन यहां सफाई कर्मचारियों का अमला पूरे समय तैनात रहा जो भी पार्क में आने वाले लोग सामान फैंक रहे थे उसे समेटा और पार्क की सुरक्षा भी की।

## नव वर्ष में भक्तों को बुराई से दूर रहने का संकल्प दिलाते आचार्य देवमुरारी बापू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मोहरी धाम के मां शक्ति दिव्य दरबार में नव वर्ष 2026 आगमन के उपलक्ष में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे में उपस्थित जन समूह को धर्माचार्य जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने संकल्प दिलाया कि नव वर्ष में हम लोग बुराई से दूर रहे, दुव्र्यसन से दूर रहें। सबसे पहला काम माता-पिता गुरु के पैर छूकर आशीर्वाद लें, किसी भी कार्य को करने से पहले मंदिर में भगवान का दर्शन करें, और भारतीय संस्कृति की पहचान संस्कार बान बनें।

यह अंग्रेजी नव वर्ष है हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को माना जाता है जिस समय पंचांग बदलता है 1 जनवरी अंग्रेजी नव वर्ष है इसमें हम लोग अपने घर का कैलेंडर बदलते हैं पर याद रखें कैलेंडर बदले पर हमारे संस्कार नहीं बदलना चाहिए यह संकल्प लेकर नव वर्ष मनाए क्योंकि आज कल यह देखा जा रहा है कि नव वर्ष के आगमन से पूर्व बीते हुए वर्ष को रात्रि 12:00 बजे लोग एकत्रित होकर अश्लील और गंदे फिल्मी गानों पर नाचते हैं जो हमारी परंपरा नहीं है। नव वर्ष में सुंदरकांड करें असहाय लोगों की मदद करें एवं धार्मिक कार्यों का आयोजन होना चाहिए। मोहरी धाम दरबार में प्रातः 8:00 बजे से सुंदर कांड का संगीत में गायन हुआ और दिन 12:00 से दरबार के भक्तों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन प्रारंभ में किया गया। दिव्य दरबार में गजानन महाराज एवं गोंड बाबा से आशीर्वाद लेने के लिए भक्तों की लंबी कतार लगी रही। कार्यक्रम में जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू, पछार मंडल के अध्यक्ष संत कुमार शर्मा, नमन नामदेव, विपिन नामदेव, गौरव नामदेव, नंदन नामदेव, जगदंबा भोजनालय आदि लोगों ने महाप्रसादी ग्रहण की।



## जय जिनेंद्र जिसने इंद्रियों को जीता उसका है

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

कस्बे में चल रहे श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान के दूसरे दिन मुनि श्री दुर्लभ सागर महाराज जी ने अपने प्रवचन में कहा कि नववर्ष की शुरुआत अपने लक्ष्यों को ध्यान में रखकर करें, आने वाले 12 महीनों का लक्ष्य बना कर रखें, अपने शब्दों में संयम रखे, सम्माननीय, आदरणीय, जी, आप, लगाकर संबोधित करें, किसी से ईर्ष्या न रखे, किसी से मनमुटाव न रखें।

मुनि श्री ने कहा कि आप अपने घरों में तो बड़े बड़े ताले लगा कर रखते हो, अपने गलत विचारों, छल कपट, पर भी ताले लगा कर रखें। महाराज के सानिध्य में पंडाल में बहुत से लोगों ने बीड़ी, सिगरेट, गुटका, शराब का त्याग किया। मुनि श्री ने कहा कि राजपुर जैसा मंगल प्रवेश अब तक किसी जगह नहीं हुआ। राजपुर में जैन, हिन्दू, मुस्लिम, सबने समान रूप से आगवानी में शामिल होकर धर्म लाभ लिया, सभी धर्मों के लोगों ने बाद चढ़कर आगवानी में हिस्सा लिया। मुनि अपने प्रवचन में कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने केंद्रीय जेल में प्रवचन में कहा था कि अपराध से घृणा करो, अपराधी से नहीं। सिद्ध चक्र महामंडल विधान के दूसरे दिन बरबाई के बालिका मंडल द्वारा श्रीपाल-मैना सुंदरी का बहुत सुंदर नाटक प्रस्तुत किया गया, गौशाला संचालक सुमित जैन ने बताया कि शाम को प्रतिदिन महाआरती होती है, ध्यान कराया जाता है।



### राजपुर कस्बे में सकल हिंदू सम्मेलन 3 को होगा

राजपुर। राजपुर कस्बे में सकल हिंदू सम्मेलन 3 जनवरी 2026 को खंड ग्रामीण मंडल पर किया जा रहा है जिसमें मंडल के 40 ग्रामों के सभी सकल हिंदू समाज के ग्रामीणों को संगठित होने का आह्वान किया जावेगा।
उक्त सम्मलेन सुबह 9:00 बजे से रामलीला मंच हनुमान जी मंदिर के पास से कलश यात्रा ग्राम के विभिन्न मार्गो से होते हुए श्री कृष्ण विद्या मंदिर प्रांगण में समापन होगा। इसके बाद बाहर से पधारे हुए गणमान्य व्यक्तियों का उद्बोधन समस्त सकल समाज को संदेश दिया जावेगा। सभी को भोजन प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया है सभी समाजों द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया गया है।

### भारतीय किसान संघ की बैठक संपन्न



पिपरई। 1 जनवरी 2026 दिन गुरुवार को जिले की पिपरई तहसील में भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक संपन्न हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि सभी अधिकारियों द्वारा सदस्यों को पांच पांच गांव जाकर भारत माता की पूजन आरती करना है और समितियों का गठन करना है। इस मोके पर तहसील के अध्यक्ष उपाध्यक्ष मंत्री मीडिया प्रभारी एवं जिले के मीडिया प्रभारी जिले के जैविक प्रमुख सदस्यगण और किसान उपस्थित रहे।

### नव वर्ष पर थाना परिसर में सुंदर कांड पाठ का आयोजन हुआ।



पिपरई। गुरुवार को नव वर्ष के मौके पर पिपरई थाने में सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम बालाजी मंदिर पुजारी ने विधि पूर्वक पूजन करबा कर सुन्दरकाण्ड शुरू करवाया गया। सगींत मड़ली में तुलशीराम विश्वकर्मा, शीताराम तिवारी, मोनू ओझा, धर्मदास पंथी, गजेंद्र विश्वकर्मा, और नगर के सभी जन प्रीतिनिधि एवं समस्त नगर बासी और पत्रकार जन शामिल रहे। सुन्दर कांड का पाठ संगीत मय किया और सुन्दर कांड के पश्चात भोजन प्रसादी का वितरण हुआ। सुन्दर काण्ड में थाना प्रभारी ओमप्रकाश मिश्रा, छगगन सिह, गजेंद्र यादव, एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

### मंदिर में साफ सफाई की और गरीबों को कंबल वितरित किए



पिपरई। नगर परिषद में केंद्रीय मंत्री महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम वरिष्ठ कार्यकर्ताओ ने राम जानकी मंदिर हनुमान जी मंदिर पर साफ सफाई की। इसके उपरांत आदिवासी बस्ती इमलिया में बुजुर्ग माता बहनों को कंबल एवं फल वितरण किए। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि लाखन सिंह कटारिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव, जन भागीदारी के अध्यक्ष रविंद्र कुमार शुक्ला, कृष्णकुमार राय पूर्व सरपंच, मोतीलाल धाकड़े, संजय मनोंरिया, रामकृष्ण तिवारी, दिनेश जैन मंडल उपाध्यक्ष, बृजेश यादव मंडल उपाध्यक्ष, आसाराम नामदेव, संदीप सुमन, सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## श्याम गो सेवा समिति बरोदिया ने गायों को खिलाए गुड़ के लड्डू

**अशोकनगर।** कड़कड़ाती ठंड को देखते हुए श्री श्याम गो सेवा समिति के सदस्यों ने पशुओं की देखभाल और उनके स्वास्थ्य के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का अनूठा उदाहरण पेश किया है। समिति के सदस्यों ने नए अंदाज मै नया वर्ष मनाया और गुरुवार को स्थानीय तामोईया गोशाला में मौजूद गायों को लड्डू खिलाकर उनकी सेहत का ख्याल रखा।

गो सेवा समिति के समिति प्रबंधक गोलू यादव ने बताया कि सोनू जैन भैया द्वारा युक्त गुड़ के लड्डु दिए जो की ठंड के मौसम में गायों को अतिरिक्त पोषण की जरूरत होती है। इसी उद्देश्य से विशेष रूप से गुड़ और औषधि से मिलकर बने लड्डुओं का प्रबंध किया गया। यह लड्डू न केवल ऊर्जा का स्रोत हैं, बल्कि ठंड से बचाव में भी सहायक होते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भी ठंड के मौसम में आवारा पशुओं की मदद करें। इस प्रयास से न केवल गायों को राहत मिली, बल्कि समाज में पशु प्रेम और जिम्मेदारी का संदेश भी गया। इस मौके पर समिति प्रबंधन गोलू यादव, ग्राम पंचायत मोहरी राय के सरपंच एवं सचिव भी उपस्थित रहे अध्यक्ष ,अजय यादव ,जिला अध्यक्ष रोहित यादव, विवेक यादव, आशीष यादव, विकेश यादव, दीपक यादव प्रदीप यादव अनुज यादव मोनू यादव, निखिल यादव आरोन आदि सदस्य मौजूद रहे।



श्रीरामकथा के दौरान भक्ति और संवेदनाओं का अनूठा संगम दिखा


## जानकी की विदाई देख छलकी श्रद्धालुओं की आंखें

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढ़ौरा

नगर के मंगल मैरिज गार्डन में आयोजित नव दिवसीय संगीतमय श्रीरामकथा के दौरान भक्ति और संवेदनाओं का अनूठा संगम देखने को मिला। कथा व्यास अष्टावक्र ने जब माता सीता की विदाई और महाराज जनक की व्याकुलता का वर्णन किया, तो पाण्डाल में मौजूद हर भक्त की आंखें नम हो गईं।

बेटी भार नहीं, जीवन का आधार है

कथा के दौरान विदाई के प्रसंग पर एक अत्यंत हृदयस्पर्शी दृष्टांत साझा किया गया। स्वामी रामकृष्ण परमहंस से जुड़े प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया गया कि पिता के लिए बेटी कभी श्भारश नहीं होती। जो अपनी बिटिया को बोझ समझे, वह पिता कहलाने के योग्य ही नहीं है। कथा व्यास ने कहा कि जो जनक श्विदेहश (देह के अभिमान से मुक्त) थे, वे भी अपनी पुत्री वैदेही को विदा करते समय सुध-बुध खो बैठे। गोस्वामी तुलसीदास की चैपाइयों के माध्यम से बताया गया कि कैसे माता सुनैना ने किशोरी को हृदय से लगाया और पूरा मिथिला रो पड़ा।





**दशरथ-जटायु संवाद क्यों राम को जटायु का पुत्र माना गया?** कथा में महाराज दशरथ और जटायु के संबंधों का एक दुर्लभ पहलू सामने आया। जब शनि देव से युद्ध के दौरान जटायु ने महाराज दशरथ के प्राण बचाए, तो दशरथ ने उन्हें ज्येष्ठ पुत्र दान देने का वचन दिया था। यही कारण है कि दशरथ जी राम को अपना नहीं, जटायु का पुत्र मानते थे। इसी वचन के कारण भरत ने अंत्येष्टि की मर्यादा निभाई। यहाँ तक कि सीता जी को भी घर आई (जटायु की पुत्रवधू) के भाव से देखा गया।

**देव-दुर्लभ है मानुष तन का पद** राजसभा रघुराज बिराजा चैपाई की व्याख्या करते हुए बताया गया कि जब आप उच्च पद पर बैठे हों और चारों ओर जय-जयकार हो, तब आत्म-चिंतन जरूर करें। आज हम सब भी एक ऐसे पद पर बैठे हैं जो देवताओं के लिए भी दुर्लभ है, वह है मानुष तनु (मानव शरीर)। अवतारों का रहस्य कथा में बताया गया कि लक्ष्मण जी (शंकर), शत्रुघ्न जी (ब्रह्मा) और भरत जी (विष्णु) के अवतार हैं। ये तीनों भी घर आए हैं क्योंकि इनका मूल निवास वैकुंठ और ब्रह्मलोक है। कथा में शाढौरा सहित क्षेत्र का जन सैलाव उमड़ रहा है।

## कमियां निकली तो संचालक ने सिविल सर्जन पर लगाए झूठे आरोप

# सीएस की जांच में न ही मिले संबंधित डॉक्टर और न ही अस्पताल संचालक

**श्री देव हॉस्पिटल कुरावर में काम करने वाले डॉ भारंग भोपाल, रायसेन और राजगढ के 5 अस्पतालों में करते हैं काम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा




जिला चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर निजी अस्पतालों के निरीक्षण पर निकले सिविल सर्जन ने जब कुरावर के एक निजी अस्पताल की जांच की तो अस्पताल के झूठ का पर्दाफाश हो गया। जांच के समय वहां पर न ही तो संबंधित डॉक्टर ही मिला और न ही अस्पताल के संचालक। ऐसे में जब जांच आगे बडी तो पता चला की वहां पर जिस डॉक्टर को बताकर मरीजों के उपचार का काम किया जा रहा है वह उपस्थित ही नहीं है। इस बारें में सिविल सर्जन ने जब देव जनरल हॉस्पिटल कुरावर के स्टॉफ से बात की तो संतुष्टिपूर्ण जबाव ने मिलने पर संचालक को मुख्यालय आने के निर्देश दिए गए। जिस पर अस्पताल संचालक ने सिविल सर्जन पर पैसे

### स्पष्टीकरण की बात कही...

सीएमएचओं के निर्देश के बाद ही जांच करने पहुंचा था वहां पर अनियमितताएं थी और कोई जिम्मेदार डॉ वहां मौजूद नहीं था जिसके कारण मैंने फोन लगाकर उनके संचालक से बात की और उनसे जिला अस्पताल आकर अपना स्पष्टिकरण देने की बात कहीं है।

**डॉ रजनीश शर्मा**, सिविल सर्जन राजगढ

### देव अस्पताल के अलावा डॉ भारंग कई अस्पतालों में करते हैं काम

देव जनरल अस्पताल कुरावर डॉ कृष्ण कुमार भारंग के दम पर मरीजों के उपचार करने का दम भरता है परंतु सिविल सर्जन की जांच में सामने आया की डॉ के के भारंग अमन अस्पताल एंड ट्रॉमा सेंटर भोपाल,संकल्प मल्टीस्पेसलिटी अस्पताल भोपाल,सूर्यवंश मल्टीस्पेसलिटी अस्पताल भोपाल के साथ साथ श्री देव अस्पताल कुरावर राजगढ और मंडीदीप ट्रॉमा सेंटर रायसेन में काम कर रहे है ऐसे में एक डॉक्टर इतने अस्पतालों में मरीजों को कितना समय दे पाएगा यह समझा जा सकता है।

### वीडियो जारी कर सीएस पर लगाए आरोप

बस स्टेंड के पास कुरावर में संचालित श्री देव अस्पताल प्रबंधन ने जब देखा की उनकी कमियां सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा द्वारा पकडी गई है तो उन्होने एक वीडियों के माध्यम से यह बातने का प्रयास किया की उनसे मुख्यालय पर आने का कहा गया है एवं पैसे मांगे गए है परंतु वीडियों का फेक्ट चेक करा गया पता चला ही वीडियों ने पैसे मांगने जैसी कोई बात नहीं हुई है।

# ये कैसी स्वच्छता, बदबू से घुट रहा दम?

## तहसील के सामने अस्थाई चौपाटी पर बदबू से परेशान लोग


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नगर की पहचान माने जाने वाले तहसील कार्यालय के ठीक सामने स्थित आस्थाई चैपाटी क्षेत्र इन दिनों भारी अव्यवस्था और गंदगी का शिकार बना हुआ है।

यहां जगहदृजगह फैला कचरा, प्लास्टिक, सड़ा-गला अपशिष्ट और कीचड़ भरा पानी आमजन के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन रहा है। हालात ऐसे हैं कि पूरे क्षेत्र में तेज दुर्गंध फैली रहती है, जिससे वहां से गुजरने वाले नागरिकों, दुकानदारों और राहगीरों को नाक ढककर निकलना पड़ता है। तहसील परिसर के सामने बने इस खुले मैदान में नालियों का गंदा पानी जमा होकर तालाब का रूप ले चुका है। उसमें कचरा, पॉलीथिन, बोतलें और खाने-पीने का अवशेष तैरता नजर आता है। यही नहीं, आवारा मवेशी भी इसी गंदे पानी के आसपास घूमते दिखाई देते हैं, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा लगातार बना हुआ है। चैपाटी होने के कारण शाम के समय यहां बड़ी संख्या में लोग आते हैं, लेकिन बदबू और गंदगी के कारण अब लोग यहां बैठने से भी कतराने लगे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर पालिका परिषद को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका है। लोगों ने मांग की है कि क्षेत्र की नियमित सफाई करवाई जाए, गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था की जाए और कचरा फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई हो, ताकि तहसील जैसे महत्वपूर्ण स्थान के सामने साफ-सुथरा और स्वस्थ वातावरण बन सके।

# निकाली गई रैली व झांकियां सकल हिंदू समाज के सम्मेलन आयोजन में शामिल हुए लोग




**माचलपुर।** नगर में सकल हिंदू समाज द्वारा आयोजित हिंदू समाज द्वारा विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया! जिसमे विशाल शोभा यात्रा नगर के चाठा कुंडी बालाजी मंदिर के पूजन कर निकाली गई रैली में अनेक धार्मिक झाकियां सजाई गई थी जिनके पात्र घोड़े वा रथ पर सवार होकर चल रहे थे! शोभायात्रा में महिलाएं सर पर कलश लिए वा पुरुष डीजे की धुन पर जय श्री राम का उदघोष करते हुए झूमते चल रहे थे! शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी जहा नगर वासियों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया ! हिंदू सम्मेलन का आयोजन नगर के दशहरा मैदान पर किया गया था! जहां हिंदू समरसता के इस उत्सव में प्रमुख वक्ता के रूप में मौजूद साध्वी सरस्वती देवी ने अपनी ओजस्वी वाणी से सारे हिंदुओ को जाति पाती छोड़ कर एक होने की बात की साथ ही कहा की शास्त्र के साथ शास्त्र भी रखो वक्त पर काम आयेगे उन्होंने कहा जिस को भारत में अगर रहना है तो वन्देमातरम कहना होगा ! भारत माता की आरती के पश्चात सकल हिंदू समाज ने सहभोज किया।

## ग्रामीण अंचलों में मीटर गायब - क्यों हो रही है अनदेखी?

# शहरी क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर की होड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

एक ओर जहां शहरी क्षेत्रों में बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने की होड़ मची हुई है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अंचलों में आज भी कई घरों में बिजली कनेक्शन तो हैं, लेकिन मीटर नदारद हैं।




यह स्थिति न केवल बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है, बल्कि ग्रामीण उपभोक्ताओं के साथ हो रहे भेदभाव को भी उजागर करती है। ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक ऐसे उपभोक्ता हैं जिनके पास वर्षों से बिजली कनेक्शन है, लेकिन अब तक उनके घरों में स्थायी मीटर नहीं लगाए गए। कहीं अस्थायी मीटर लगाकर वर्षों से काम चलाया जा रहा है तो कहीं मीटर पूरी तरह गायब हैं। इसके कारण उपभोक्ताओं को अनुमानित बिल थमाए जाते हैं, जिससे विवाद की स्थिति बनती है और गरीब ग्रामीण परिवारों पर आर्थिक बोझ भी बढ़ जाता है। सूत्रों के अनुसार, विभाग का अधिक ध्यान शहरी क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाने पर केंद्रित है, क्योंकि वहां राजस्व वसूली आसान और तेज मानी जाती है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में संसाधनों की कमी, कर्मचारियों का अभाव और उदासीन रवैया मीटर न लगने का प्रमुख कारण बताया जा रहा है।

ग्रामीण उपभोक्ताओं का कहना है कि वे नियमित रूप से बिल जमा करते हैं, इसके बावजूद मीटर न लगने से उन्हें पारदर्शिता नहीं मिल पा रही है। लोगों ने मांग की है कि शहरी क्षेत्रों की तरह ग्रामीण अंचलों में भी शीघ्र मीटर लगाकर बिजली बिलिंग व्यवस्था को पारदर्शी और न्यायसंगत बनाया जाए।

### सुधार किया जाएगा...

संसाधन एवं स्टाफ की कमी के कारण ग्रामीण क्षेत्र में पूरी तरह मीटर नहीं लगे हैं मीटर लगाने की प्रक्रिया जारी है किसी का बिल अधिक है तो आकर आवेदन करें सुधार किया जाएगा ,

**विद्या सागर सिंह**, सहायक यंत्री विद्युत वितरण कंपनी सारंगपुर।

# तालाब में डूबने से 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ



गुरुवार को ब्यावरा के टाल मोहल्ला निवासी भौंनी सिंह कुशवाह पिता किशन लाल कुशवाहा उम्र 50 की पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना ग्राम काछीपुरा स्थित बड़ोदिया तालाब की है। जानकारी के अनुसार मृतक बीती शाम अपनी बहन नारायणी बाई के घर आया था। गुरुवार को तालाब में डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही संबंधित थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकलवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। फिलहाल वह पानी मे कैसे डूबा इसकी पुलिस जांच कर रही है। मृतक की शादी हो चुकी है, लेकिन वह अकेला रहता था। किसी कारणवश वह बड़ोदिया तालाब पहुंचा, जहां पानी में डूबने से उसकी मृत्यु हो गई।

# कपिलेश्वर धाम पर उमड़े काफी श्रद्धालु

## अपने आराध्य का स्मरण कर नववर्ष का किया आगाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

जहां एक ओर हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (गुड़ी पड़वा) से आरंभ होता है, वहीं अंग्रेजी नववर्ष के आगमन पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने आराध्य देव के दर्शन कर नए वर्ष की शुरुआत आस्था के साथ करते हैं। इसी क्रम में गुरुवार को नगर के प्रसिद्ध कपिलेश्वर तीर्थ धाम पर भक्तों का भारी तांता देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर परिसर में लग गईं। भक्तों ने भूतभावन भगवान कपिलेश्वर महादेव, संकटमोचन हनुमान जी एवं नवग्रह मंदिर में विराजित शनिदेव के दर्शन कर अपने एवं परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और उन्नति की कामनाएं कीं। श्रद्धालुओं ने नए वर्ष में सभी प्रकार के संकटों से मुक्ति और मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु विशेष पूजन-अर्चन भी किया।

मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने के कारण पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल द्वारा यातायात व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण को लेकर लगातार निगरानी रखी गई, जिससे दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कपिलेश्वर धाम में दिनभर धार्मिक वातावरण बना रहा। हर-हर महादेव और जय बजरंगबली के जयकारों से संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने इसे नए वर्ष की शुभ शुरुआत बताते हुए इसे आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बताया।

# खिलचीपुर में दो वर्ष से अनवरत चल रही प्रभात फेरी, की गई महाआरती

## युवा एवं महिलाओं में नववर्ष के प्रथम दिन भी उत्साह

**खिलचीपुर।** नगर में अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर प्राण-प्रतिष्ठा के पूर्व से प्रारंभ हुई प्रभात फैरी ने आज भव्य रूप ले लिया है । दो वर्ष पहले नगर के युवाओं ने प्रातः काल में श्री राम फैरी की शुरुआत की थी जो आज नगर की पहचान बन गई है।

प्रतिदिन रामद्वारा से सुबह सात बजे निकलने वाली इस प्रभात फेरी में युवा सज्जन शक्ति मातृशक्ति एक सैकड़ा से अधिक लोग शामिल होते हैं बुधवार को रामलला प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को दो वर्ष हो गए हैं साथ ही इस फैरी की भी दुसरी वर्षगांठ थी इस उपलक्ष्य में शाम को भी श्री राम फैरी निकाली गई जो सराय भवन से प्रारंभ होकर वीर हनुमान मंदिर खांडीबावडी पर महा आरती के साथ सम्पन्न हुई इस दौरान एक भव्य चल समारोह निकाला गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने राम भजन कीर्तन किए ! उल्लेखनीय है कि इस फैरी में बड़ी संख्या में महिलाएं और युवा शामिल थे ! श्री राम प्रभात फेरी का उद्देश्य है कि सभी समाजों के लोग इस फेरी में नित्य प्रतिदिन सम्मिलित हो जिससे हमारी एकता का मंत्र रामराज्य की कल्पना को साकार करेगा।




# हिन्दू सम्मेलन 19 और 26 को जीरापुर में आयोजित

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा तृतीय वर्षगांठ मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



समग्र हिन्दू समाज में जाग्रति लाने के उद्देश्य से हिन्दू सम्मेलन का आयोजन आगामी 19 जनवरी 2026 को नगर के खिलचीपुर नाका नवीन हाट बाजार तालाब परिसर में विराट हिन्दू सम्मेलन में श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर अन्नपूर्णा गिरि जी ( साध्वी वर्षाजी ) श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा,उज्जैन (म.प्र.) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगी। विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर नगर में विगत दिवस शोभा , कलश यात्रा भुमि पुजन का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ महोत्सव के तृतीय वर्ष को लेकर नगर मे आनंद उत्सव मनाया गया। जिसमें नगर में दीपोत्सव एवं अन्य धार्मिक आयोजन रखे गए हैं तथा प्रतिदिन प्रातः नगर के विभिन्न धार्मिक स्थलों से प्रभात फेरी निकाली जा रही जिसमें बड़ी संख्या में युवा पुरुष , महिलाऐ शामिल होकर भगवान के जयकारे एवं भजन कीर्तन करते हुए निकलते हैं। आज नगर के देवनारायण कालोनी , फलोदी कालोनी , भण्ड़ावद रोड़ , आवास , इंदर चैराहा , सिदेश्वर महादेव मंदिर होते हुए बुधवारिया बाजार हनुमान मंदिर पहुंची।

# शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय बंदा जागीर में हुआ एफएलएन मेले का आयोजन




**माचलपुर।** समीपवर्ती ग्राम बंदा जागीर के एकीकृत शासकीय विद्यालय में एफएलएन मेले का आयोजन किया गया जिसने प्रमुख अतिथि के रूप में माचलपुर टीआई भगीरथ शाक्य वा राजस्व अधिकारी राजेंद्र सिंह बरदानिया वा सरपंच प्रतिनिधि छगन सिंह गुर्जर और हरि सिंह गुर्जर रहे! एफएलएन मेले में शामिल बच्चो और लोगो का मार्गदर्शन करते हुए टीआई भगीरथ शाक्य ने कहा की समावेशी एवं गुणवतापूर्ण शिक्षा पर अपना फोकस करना चाहिए! साथ ही यह भी बताया की सायबर ठगी से किस तरह बचना चाहिए । सभी यातायात नियमों का पालन भी करना है वा क्षेत्र में फैली सामाजिक कुरीति नातरा झगड़ा वा बाल विवाह के संबंध में शासन द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुवे इन कुरुतियो से बचने की सलाह दी! इस अवसर पर विद्यालय स्टाप सहित गांव के नागरिक वा विद्यालय के बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे में लड़की को किया दस्तयाब

**बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक एवं जिला महामंत्री के प्रयास लाए रंग**


# लव-जिहाद में फिर एक नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था मुस्लिम युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा - राजगढ़

जिले में नाबालिक लड़कियों को बहला-फुसलाकर ले जाए जाने के कई मामले पूर्व में भी सामने आ चुके है। बुधवार को जिला मुख्यालय पर कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव में ऐसा ही एक मामला सामने आया, जहां भोपाल का एक मुस्लिम युवक नाबालिक लड़की को अपने साथ भोपाल लेकर फरार हो गया। मगर समय रहते परिवार की सतर्कता और हिन्दू संगठनों की जागरूकता के चलते यह मामला गंभीर मोड़ लेने से पहले ही नियंत्रण में आ गया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते मात्र 24 घंटे से भी कम समय में लड़की को सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया।

### सोशल मीडिया फिर बना पहचान का माध्यम, आरोपी ने हिंदू बनकर की दोस्ती

जानकारी अनुसार पीड़ति पूर्व में भोपाल में अपनी मामी के घर रहती थी। वहीं एक युवक से उसकी सोशल मीडिया पर पहचान हुई थी। परिजनों को जब इसकी भनक लगी तो उन्होंने एहतियातन उसका मोबाइल फोन अपने पास रख लिया। लेकिन नाबालिक होने के कारण लड़की चोरी-छिपे अपने माता-पिता के फोन से संपर्क में बनी रही। बताया जाता है कि युवक ने इसी कमजोरी का फायदा उठाते हुए बुधवार देर शाम गांव पहुंचकर उसे बहला-फुसलाकर साथ ले गया और भोपाल की ओर रवाना हो गया। घरवालों को बेटी के लापता होने का पता



चला तो घर में हड़कंप मच गया। तत्काल इसकी सूचना बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक देवी सिंह सोंधिया को दी गई। उन्होंने बिना देर किए कोतवाली पुलिस से संपर्क किया और गुमशुदगी सहित आवश्यक धाराओं में प्रकरण दर्ज कराने की पहल की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए खोजबीन शुरू की और गुरुवार सुबह भोपाल में युवक के संभावित ठिकाने पर दबिश देकर नाबालिक को सुरक्षित बरामद कर लिया।

### पॉक्सो में हुआ मामला दर्ज

लड़की ने बयान में बताया कि युवक ने स्वयं को हिंदू युवक बताकर झूठे प्रेम के भरोसे साथ ले गया था। उसके बयान बाल कल्याण समिति एवं न्यायालय में भी दर्ज कराए गए हैं। पुलिस ने विभिन्न धाराओं 366, 376, 506, 3/4 पॉक्सों एक्ट में मामला दर्ज कर लड़की का मेडिकल करवाकर धारा 164 के तहत बयान दर्ज करवाकर, आरोपी की तलाश तेज कर दी है। इधर, लड़की को परिवार के हवाले कर परिजन राहत की सांस ले रहे हैं।

### लव जिहाद का यह पहला मामला नहीं हैः भाजपा महामंत्री देवी सिंह

मामला संज्ञान में आते ही मैंने जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मामले की जानकारी दी और उनसे कहा कि यह पहला मामला नहीं है जब यहां की बेटियां लव जिहाद का शिकार हो रही है आप तत्काल कार्यवाही करें वरना हिन्दू समाज में आक्रोश फैल गया तो वो किसके नियंत्रण में नहीं रहेगा, और ऐसे अपराधियों को सजा दिलाने के लिए न्यायालय की शरण लेगी। इस पर पुलिस ने भी तत्परता दिखाई और 24 घंटे के अंदर बेटी को दस्तयब कर माता-पिता को सोपा गया है। उम्मीद है आगे से भी कोतवाली के साथ ही जिले का पुलिस बल इसी ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा के साथ काम करेगा।